# University in News on 15 August 2025

## JAGRAN CITY PAGE III

### 'सकारात्मक वातावरण से रोक सकते हैं रैगिंग'

जासं ● लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में यूजीसी के एंटी-रैगिंग सप्ताह के तहत प्रोजेक्ट एसएएफई का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन मनोविज्ञान की विभागाध्यक्ष प्रो. अर्चना शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में यूजीसी की एंटी-रैगिंग लघु फिल्म के दौरान हाल में सन्नाटा छा गया। अपमान, डर और रैगिंग के लंबे समय तक पड़ने वाले मानसिक असर की सशक्त तस्वीर सामने आईं। रैगिंग को मनोविज्ञानी नजरिये से खोला गया। एम्पैथी मैपिंग ने दर्शक और पीड़ित के बीच की दीवारें तोड़ दीं, जब प्रतिभागियों ने खुद को किसी और की जगह रखकर असहायता, शर्म और अलगाव की भावनाओं को महसूस किया। कुछ छात्रों ने अपनी भावनाएं खुलकर व्यक्त कीं।

प्रो. अर्चना शुक्ला ने अपने स्नातक काल के अनुभव साझा कर बताया कि उस समय माध्यम का विभाजन काफी प्रचलित था। आज भी यह कुछ हद तक मौजूद है।

### पीएचडी सीटों का विवरण 25 तक दे सकेंगे

जासं ● लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2025-26 के पीएच.डी पठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए कालेजों को सीटों का विवरण भेजने की तिथि बढ़ाकर 25 अगस्त कर दी है। कुलसचिव डा. भावना मिश्रा ने इसका नोटिफिकेशन जारी किया है। लखनऊ विश्वविद्यालय सहयुक्त महाविद्यालय शिक्षक संघ (लुआक्टा) ने तिथि बढ़ाने की मांग की थी।

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

### चार पाठ्यक्रमों की मेरिट सूची जारी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रवेश सत्र 2025-26 के तहत बृहस्पतिवार को एलएलएम, एम.लिब, बीपीएड और एमपीएड की कंप्लीट मेरिट सूची जारी कर दी गई। समन्वयक प्रो. अनित्य गौरव ने बताया कि अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट पर जाकर अपना रिजल्ट देख सकते हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

### पीजी में शुरू हुई चॉइस फिलिंग

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की परास्नातक प्रवेश परीक्षा (सत्र 2025-26) का परिणाम व मेरिट सूची जारी होने के बाद अब छात्रों को चॉइस फिलिंग के लिए तीन दिनों का मौका दिया गया है। विवि की ओर से इस संबंध में बृहस्पतिवार को अधिसूचना जारी कर दी गई है। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि परास्नातक (पीजी) प्रवेश प्रक्रिया के तहत एलएलबी तीन वर्षीय पाठ्यक्रम की आनलाइन काउंसिलिंग होगी। इसके तहत अभ्यर्थी विश्वविद्यालय व महाविद्यालयों की चॉइस फिलिंग 17 अगस्त तक कर सकते हैं। इसके लिए विवि की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in के एडमिशन पेज पर चॉइस फिलिंग भर सकते हैं। 17 अगस्त के बाद छात्रों का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा। (संवाद)

## AMRIT VICHAR PAGE 7



लखनऊ विश्वविद्यालय में निकली तिरंगा यात्रा में शामिल कुलपति व अन्य।

### लविवि में निकली तिरंगा यात्रा

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने 79वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर स्वतंत्रता, एकता और देशभक्ति की भावना को समर्पित भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। विश्वविद्यालय के सभी शैक्षिक विभागों, शिक्षकों, प्रशासनिक कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने यात्रा में भाग लिया। यात्रा का शुभारंभ ऐतिहासिक टैगोर लाइब्रेरी से हुआ और समापन शिवाजी स्टेडियम में हुआ कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## i-NEXT PAGE 5

### पीएचडी सीटों का विवरण 25 तक दे सकेंगे

लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2025-26 के पीएचडी पठ्यक्रमों में प्रवेश के लि कालेजों को सीटों का विवरण भेजने की तिथि 17 अगस्त से बढ़ाकर 25 अगस्त कर दी है. कुलसचिव डा. भावना मिश्रा ने इसका नोटिफिकेशन जारी किया है.

## RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

### विधि संकाय के छात्रों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय द्वितीय परिसर स्थित विधि संकाय की एनएसएस इकाई द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा यात्रा निकाला गया। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चंद्रशेखर राय व शशि प्रभा जोशी ने किया।

## VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

### लविवि परिसर में निकली तिरंगा यात्रा



लखनऊ। लविवि ने 79वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर स्वतंत्रता, एकता और देशभक्ति की भावना को समर्पित भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। यह यात्रा कुलपति प्रो. मनुका खन्ना के नेतृत्व में और विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक बोर्ड संस्कृतिकि द्वारा आयोजित की गई। प्रमुख रूप से विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा उपस्थित रहीं। साथ ही विश्वविद्यालय के सभी शैक्षिक विभागों, शिक्षकों, प्रशासनिक कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक इस यात्रा में भाग लिया। यात्रा का शुभारंभ ऐतिहासिक टैगोर लाइब्रेरी से हुआ और परिसर के कई प्रमुख स्थलों से होते हुए यात्रा का समापन शिवाजी स्टेडियम में हुआ। इस अवसर पर कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने कहा कि तिरंगा यात्रा केवल एक मार्च नहीं, बल्कि स्वतंत्रता, एकता और राष्ट्र सेवा के हमारे सामूहिक संकल्प का पुनः स्मरण है। यह देखकर हर्ष होता है कि पूरा विश्वविद्यालय परिवार तिरंगे के सम्मान में एकजुट हुआ। प्रतिभागियों ने गर्व से राष्ट्रीय ध्वज धारण किया और जोशीले स्वर में वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे लगाए।